प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला : पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की जारी।
2. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज हुई नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का किया गया फैसला।
3. जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर कल हुए आतंकी हमले में बलरामपुर के दो लोगा समेत 10 की मौत : वाराणसी, गोंडा और बलरामपुर के कई लोग हुए घायल।

और

4. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने 12 मई से तीन दिनों के लिये जारी किया लू का रेड अलर्ट, दो से तीन डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है तापमान।

———————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पदभार संभालते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। यह किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी

सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

*पीएम–किसान योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य, देश भर के सभी भूमिधारक किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सभी पात्र किसान परिवारों को, प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। यह राशि किसानों को दो–दो हजार रुपये की तीन किश्तों में दी जाती है। पीएम किसान योजना के तहत, शत–प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा, सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना से अब तक 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को लाभ हुआ है और उनके बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशी भेजी जा चुकी हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी होने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्रो नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों–बहनों की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज प्रधानमंत्री आवास पर हुई। बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया गया कि पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाये जायेंगे। भारत सरकार ने 2015–16 में प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी। इसके तहत पिछले 10 वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिये कुल चार करोड़ 21 लाख मकान बनाये गये हैं। इन मकानों में केन्द्र और राज्य सरकारों के अन्य योजनाओं के साथ एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाती हैं।

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और 'सागर दृष्टिकोण' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अर्द्ध विकसित और

विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। समारोह में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हुए।

———————

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मथुरा में साधुसंतो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी। वहीं बदायूं से भाजपा सांसद बीएलवर्मा को राज्यमंत्री बनाए जाने पर उनके समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इसके अलावा पीलीभीत, वाराणसी, आगरा और लखनऊ समेत अन्य जनपदों मं भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिला।

———————

जम्मू कश्मीर में कल शाम तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले में बलरामपुर के दो लोगों समेत 10 तीर्थयात्रियो की मौत हो गयी, जबकि 33 लोग घायल हो गये। हादसे में जान गंवाने वालों में बलरामपुर के नया नगर निवासी दो लोग शामिल हैं। वहीं हादसे में बलरामपुर

के नौ, वाराणसी के दो और गोंडा के एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी का जम्मू में उपचार चल रहा है। बलरामपुर की जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी नामित कर दिया है। इसके साथ ही दो आधिकारी जम्मू भेजे गये हैं। प्रदेश के दो लोगों के मारे जाने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने जम्मू एंड कश्मीर प्रशासन से संपर्क कर घायलों के इलाज की जानकारी ली है। जम्मू–कश्मीर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद कहा कि आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में जांच अभियान चलाया जा रहा है। उप–राज्यपाल ने मृतकों के निकट परिजन को 10–10 लाख रुपय और घायलों को पचास–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

रामपुर की एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने आज डूंगरपुर बस्ती से जुड़े एक मामले में अपना फैसला सुनाते हुए सबूतों के अभाव में आजम खां समेत सभी 8 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया ह। इस प्रकरण से जुड़े दो केस में आजम जहां बरी हो चुके हैं, वहीं दो अन्य मामले में उन पर सजा और जुर्माना लग चुका है। सपा नेता के अधिवक्ता जुबैर खां ने बताया कि विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट ने इस मामले में बीते दिनों सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। आज आए फैसले में आजम खां समेत सभी आठ आरोपियों को बरी किया गया है। फिलहाल सपा नेता आजम खान सीतापुर की जेल में बंद हैं और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे।

उल्लेखनीय है कि सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में तकरीबन 12 मुकदमे दर्ज कराए थे।

——————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। नये आपराधिक कानूनों से मानव तस्करी के विरूद्ध कानूनी ढांचा मजबूत हुआ है। भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस 2023 में महिलाओं और बाल तस्करी के लिये पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण है। इसके तहत संगठित अपराध में नये शामिल किये गये अपराधों में किसी व्यक्ति की तस्करी, और वेश्यावृत्ति या फिरौती के लिये मानव तस्करी शामिल है और कड़ी सजा का प्रावधान है। वेश्यावृत्ति के लिये बच्चे को खरीदने के मामले में बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें न्यूनतम सात साल की अनिवार्य सजा है, जिसे 14 साल तक बढ़ाया जा सकता है। विदेश से व्यक्तियों के आयात के अपराध को लिंग–तटस्थ बनाया गया है। इसमें जबरन या बहकावे से यौन शोषण के उद्देश्य से 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों और 21 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों दोनों के आयात को शामिल किया गया है। मानव तस्करी के उद्देश्य से शोषण अभिव्यक्ति में भिक्षावृत्ति को जोड़ा गया है। बीएनएस 2023 में आदतन मानव तस्करी में लिप्त व्यक्ति के लिये बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है।

———————

प्रदेश में लगातार जारी भीषण गर्मी और लू के असर को देखते हुए मौसम विभाग ने चार दिनों का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कल के लिये लू का ऑरेंज

अलर्ट और अगले तीन दिनों के लिये लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भीषण लू का असर रहने और 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। बीते 24 घंटों में राजधानी लखनऊ, कानपुर, हरदोई, बस्ती, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा समेत प्रदेश के ज्यादातर जनपदों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज में प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 45 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ सकता है।

————————

आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिये लोगों से योग अभ्यास की अपील कर रहा है। मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। मंत्रालय ने योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 की भी शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य उन नायकों की पहचान करना है जो दुनिया भर में योग के फायदों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस पुरस्कार के लिए पात्र लोगों से अधिक से अधिक नामांकन करने की अपील की गयी है।

(समाप्त)